# 16 लाख की ठगी का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 जुलाई.** मुरार थाना क्षेत्र में सर्राफा व्यापारी को नकली सोना थमाकर 16 लाख रुपये की बड़ी ठगी करने वाले राजस्थान के दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ठगी की पूरी रकम (10.5 लाख रुपये नगद) और 5.5 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए हैं।

**ऐसे दिया था वारदात को अंजाम**-फरियादी विकास जैन (निवासी सदर बाजार, मुरार) की सदर बाजार में आर.के. ज्वैलर्स' के नाम से सर्राफा दुकान है। 23 जुलाई को दो शातिर बदमाश, जिन्होंने अपने नाम सुन्दर भोपा और रामलाल उर्फ चांदवीर बताए, दुकान पर पहुंचे। उन्होंने खुद को पुश्तैनी सोने के आभूषण बेचने वाला बताकर लगभग 130 ग्राम वजनी सात तवजिया बेचने की पेशकश की।



व्यापारी द्वारा जांच करने पर सामान की कीमत करीब 16 लाख रुपये तय हुई। तय सौदे के मुताबिक, सर्राफा व्यापारी ने आरोपियों को 10.50 लाख रुपये नगद, दो चांदी की करधौनी, दो चांदी के कड़े और लगभग 20 ग्राम वजन की सोने की दो जोड़ी झुमकियां दे दीं।

फरियादी की शिकायत पर थाना मुरार में अपराध क्रमांक 357/26, धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई और बरामदगी-** घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) धर्मवीर सिंह और सीएसपी मुरार संदीप बांगरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक मैना पटेल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए तकनीकी मदद ली और फरार दूसरे आरोपी रामलाल उर्फ चांदवीर को भी सात नंबर चौराहे से धर दबोचा। पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्होंने इस तरह की अन्य वारदातों को कहां-कहां अंजाम दिया है।

**शक होने पर पकड़ा गया एक आरोपी-** आरोपियों के दुकान से जाने के बाद जब व्यापारी ने दिए गए सामान की गहराई से जांच की, तो वह पूरी तरह नकली निकला। ठगी का अहसास होते ही व्यापारी और अन्य स्थानीय व्यापारियों ने तुरंत आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। सतर्कता दिखाते हुए आकाशवाणी चौराहे के पास एक आरोपी सुन्दर भोपा को दबोच लिया गया, जबकि उसका साथी रामलाल मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

**पकड़े गये आरोपी**

सुन्दर पुत्र वीरपाल भोपा (उम्र 65 वर्ष), निवासी- ग्राम केशरोली, जिला अलवर (राजस्थान) रामलाल उर्फ चांदवीर भोपा पुत्र स्व. सुआभोपा (उम्र 56 वर्ष), निवासी- कानबडोदा, कटुमर, जिला अलवर (राजस्थान)

**आरोपियों की निशानदेही बरामद सामान**

नगद राशि: 10.5 लाख रुपये, सोने-चांदी के आभूषण (कीमत लगभग 5.5 लाख रुपये), 2 जोड़ी सोने की झुमकियां (वजन 20 ग्राम), 2 चांदी की करधौनी (वजन 400 ग्राम), 2 चांदी के कड़े (वजन 500 ग्राम)

**सराहनीय भूमिका**

इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक मैना पटेल, उनि ब्रह्मानंद शर्मा, प्र.आर. हरवीर यादव, प्रआर. अर्चना कंसाना, आर. संजय गुर्जर, आर. राहुल जाट, आर. देवेन्द्र साहू, आर. जसवीर गुर्जर और आर. प्रदीप यादव शामिल रहे।

## सीजन की पहली बारिश 49 .8 मिमी दर्ज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 जुलाई.** मानसून सीजन में बीते गुरुवार को शहर में पहली बार जोरदार बारिश हुई। दोपहर से देर रात तक रुक-रुक कर हुई बारिश के दौरान शहर में 49.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो सीजन में अब तक की सर्वाधिक बारिश है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 32.9 और न्यूनतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस था, जो लुढ़ककर 25.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान में भी गिरावट हुई है। उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश में मौजूद चक्रवाती परिसंचरण और कोटा-गुना से होकर गुजर रही मानसून ट्रफ के प्रभाव से अगले तीन दिन तक ग्वालियर सहित आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। ग्वालियर में इस बार मानसून ने 25 जून को दस्तक दी थी, जिसके बाद इसकी स्थिति काफी कमजोर रही। अनुकूल बारिश नहीं होने से उमस भरी भीषण गर्मी ने शहरवासियों का पसीना छुड़ा रखा था और खरीफ फसलों के भविष्य को लेकर किसान भी चिंतित थे। गुरुवार को मानसून मेहरबान हुआ और दोपहर लगभग 12 बजे से शुरू हुई बारिश रुक-रुक कर देर रात तक जारी रही। शाम सात से आठ बजे तक हुई झमाझम बारिश से शहर में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई, हालांकि इससे उमस भरी गर्मी में कमी आई और लोग राहत महसूस कर रहे हैं।

**अगले तीन दिन हल्की से मध्यम बारिश के आसार**

इस बार जुलाई माह में मानसून रूठा रहा, जिससे बारिश उम्मीद के मुताबिक नहीं हुई। पिछले साल 23 जुलाई तक शहर में 754 मिलीमीटर बारिश हुई थी, जबकि इस बार 23 जुलाई तक 197.8 मिमी बारिश ही हुई है, जो पिछले साल की तुलना में काफी कम है।



## नशे से दूरी है जरूरी 2 .0, दिलाई नशामुक्ति की शपथ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 जुलाई.** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह के निर्देशन और अभियान की नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयराज कुबेर के मार्गदर्शन में आज अभियान के तहत ग्राम रक्षा समिति और नगर रक्षा समिति के सदस्यों को विशेष रूप से नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के जिम्मेदार नागरिकों को जोड़कर उन्हें जागरूकता का सशक्त माध्यम बनाना है। इसी कड़ी में आज जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। पुलिस अधिकारियों ने सदस्यों से आह्वान किया कि वे अपने गांव, वार्ड और मोहल्लों में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति प्रेरित करें तथा किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**थाना बेहट:** निरीक्षक महाबीर सिंह परिहार ने थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समिति सदस्यों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई, जहां सदस्यों ने समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

**थाना घाटीगांव:** यहां भी समिति सदस्यों को शपथ दिलाकर सामाजिक जागरूकता अभियान का सक्रिय सहभागी बनाया गया, जिससे युवा वर्ग को नशे की लत से बचाया जा सके।

**थाना इंदरगंज:** पुलिस द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिंदे की छावनी में एनसीसी कैडेट्स के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप निरीक्षक पायल शर्मा ने कैडेट्स और शिक्षकों को मादक पदार्थों के शारीरिक, मानसिक व आर्थिक नुकसान बताए.

## जिला अस्पताल में बदले जा रहे प्रभारी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 जुलाई.** जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में कसावट लाने के उद्देश्य से सिविल सर्जन डॉ. सीमा जायसवाल ने प्रशासनिक बदलाव की नीति अपनाई है। इसके तहत वर्षों से एक ही विभाग में जमे प्रभारियों को हटाया जा रहा है, जिसकी चपेट में अब तक चार प्रभारी आ चुके हैं। इस फेरबदल से अस्पताल के कर्मचारियों में सुगबुगाहट और छटपटाहट का माहौल देखा जा रहा है।

**कई वर्षों से एक ही जगह जमे कर्मचारियों पर गिरी गाज**

इन विभागों के बदले गए प्रभारी:

सिविल सर्जन की इस कार्रवाई से ईसीजी, सर्जरी, कैजुअल्टी और जच्चाखाना के प्रभारी प्रभावित हुए हैं। सबसे चर्चित बदलाव मैट्रन को हटाकर उनकी ड्यूटी प्राइवेट वार्ड में लगाने का रहा है। नई व्यवस्था के तहत किए गए प्रमुख बदलाव इस प्रकार हैं:

कैजुअल्टी विभाग: यहाँ के प्रभारी रहे शैलेंद्र सिंह राठौर को हटाकर मैट्रन ज्योति शर्मा को नया प्रभार सौंपा गया है।

**सर्जरी वार्ड:** यहाँ तैनात विनय अग्रवाल को हटाकर दीप्ति भदौरिया को जिम्मेदारी दी गई है।

**मैट्रन पद:** लंबे समय से मैट्रन का पद संभाल रहीं मीना शर्मा से उनका दायित्व छीन लिया गया है और उनकी ड्यूटी अब प्राइवेट वार्ड में मरीजों की देखभाल के लिए लगाई गई है।

**ईसीजी विभाग:** इस विभाग का नया प्रभारी मनीषा गुप्ता को बनाया गया है।

**बदलाव को लेकर अस्पताल में चर्चाओं का बाजार गर्म:**

अस्पताल में हो रहे इन बदलावों को लेकर कर्मचारियों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। एक तरफ जहाँ कुछ कर्मचारियों का कहना है कि बदलाव की आवश्यकता नहीं थी और अपने चहेतों को पदों पर बैठाने के लिए पुराने प्रभारियों को काम न करने का बहाना बनाकर हटाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों में पनप रहे इस असंतोष की भनक सिविल सर्जन तक भी पहुंच चुकी है, जिसके चलते अब धीरे-धीरे बदलाव किए जाने की बात सामने आ रही है।

**सिविल सर्जन का पक्ष**

प्रशासकीय फेरबदल पर सिविल सर्जन डॉ. सीमा जायसवाल का कहना है कि नए प्रभारियों की नियुक्ति के बाद अभी कुछ और नए प्रभारियों को भी लाया जा रहा है। कौन सा अधिकारी या कर्मचारी कौन सा विभाग संभालेगा, इसकी पूरी स्थिति एक-दो दिन में स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इन बदलावों से अस्पताल की व्यवस्थाओं में सकारात्मक और सुधारात्मक असर देखने को मिलेगा।



## एमपीसीसीआई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने किया पदभार ग्रहण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 जुलाई.** म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के निर्वाचन-2026 सम्पन्न होने के पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-सुरेश बंसल, उपाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-दीपक पमनानी एवं कोषाध्यक्ष-मनोज अग्रवाल द्वारा आज सायं 6 बजे 'चेम्बर भवन' में पूजा अर्चना के पश्चात सैकड़ों की संख्या में उपस्थित सदस्यगणों के समक्ष सादगी के साथ पदभार ग्रहण किया.

## नाले में मिला अज्ञात युवक का शव, जनकगंज थाना पुलिस जांच में जुटी

**ग्वालियर 24 जुलाई.** शहर के जनकगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एबी रोड स्थित बिजलीघर के पास नाले में एक युवक का शव मिलने से शुक्रवार की सुबह सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही जनकगंज थाना प्रभारी विदुर सिंह कौरव पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष है। उसने हरी रंग की टीशर्ट और नीला पेंट पहना हुआ था। घटना के वक्त मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी, जिसके चलते पुलिस उसकी शिनाख्त के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आसपास के इलाकों के साथ-साथ अन्य जिलों को भी इस संबंध में सूचना भेजी गई है ताकि मृतक की पहचान सुनिश्चित की जा सके। संभवत: युवक नशे की हालत में होगा और नाले में गिरने से उसकी मौत हुई होगी।

## भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ग्वालियर एवं कैट ने बनाई एयरपोर्ट पर फ्लाइंग बुक्स लायब्रेरी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 जुलाई.** ग्वालियर एयरपोर्ट पर केन्द्रीय उडयन मंत्री की प्रेरणा से एयरपोर्ट डायरेक्टर लोकेश कुमार यादव के नेतृत्व में कैट ने फलाइंग बुक्स लायब्रेरी की स्थापना की है। आज केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को स्वामी दयानन्द द्वारा लिखित सत्यार्थ प्रकाश एवं अन्य पुस्तकें भेंटकर इस फलाइंग बुक्स लायब्रेरी की शुरूआत की गई।



कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन, लायब्रेरी के प्रायोजक बकुल फाउण्डेशन एवं निश्का सेल्स के डायरेक्टर दीपेश अग्रवाल, कैट के संगठन मंत्री राजीव जैन, कैट के मीडिया प्रभारी हिमांशु छापड़िया, कोर सदस्य प्रशांत आलोरिया ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया एवं उन्हें पुस्तकें भेंट की। भारतीय विमानपत्र प्राधिकरण (एएआई) द्वारा एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिये पुस्तके पढने, पढकर वापस करने, पढकर गिफट करने, यात्रियों को शेयर करने के लिये यह योजना चालू की है जो कि पूर्णतया निशुल्क रहेगी।

आप ग्वालियर एयरपोर्ट से अपनी मनपसंद पुस्तक पढने हेतु ले जा सकते हैं और अगले किसी भी एयरपोर्ट पर बोक्स में छोड सकते हैं। अगर आप पुस्तक को ले जाना चाहे तो उन्हे वह पुस्तक निशुल्क रूप से गिफट के रूप में भी मिल सकती है। कैट के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महामंत्री रामकुमार गोयल, कोषाध्यक्ष नितिन गोयल ने कहा कि यह अभिनव प्रयोग कैट द्वारा प्रारंभ किया गया है और आगे भी एयरपोर्ट पर यात्रियों को लाभ देने वाले कार्यक्रम कैट करेगा।

## आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित सरकारी स्कूल, दे रहा प्राइवेट स्कूलों को मात

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 24 जुलाई.** शिक्षा के क्षेत्र में ग्वालियर का शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (स्मार्ट स्कूल), शिक्षा नगर एक मिसाल बनकर उभर रहा है। आधुनिक सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दम पर यह सरकारी स्कूल बड़े-बड़े प्राइवेट स्कूलों को भी मात दे रहा है। निजी स्कूलों की भारी-भरकम फीस से परेशान अभिभावक अब अपने बच्चों का दाखिला इस स्मार्ट स्कूल में कराने के लिए कतारों में खड़े हैं।

**स्मार्ट स्कूल में दाखिले के लिए उमड़ रही भीड़**

**इस वर्ष भी नामांकन में जबरदस्त उछाल-** पिछले शैक्षणिक सत्र में जहाँ इस विद्यालय में लगभग 650 विद्यार्थी अध्ययनरत थे, वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 1000 के पार पहुँच चुकी है। 31 जुलाई तक दाखिले की प्रक्रिया जारी है और प्रतिदिन दर्जनों अभिभावक प्राइवेट स्कूलों से अपने बच्चों का नाम कटवाकर यहाँ एडमिशन कराने आ रहे हैं।





**विद्यालय की प्रमुख विशेषताएँ एवं सुविधाएँ**

स्कूल के स्टाफ ने बताया कि स्मार्ट स्कूल की यह नई छवि इसमें उपलब्ध आधुनिक संसाधनों और बहुआयामी शिक्षा व्यवस्था के कारण संभव हुई है। स्कूल में दोनों माध्यमों में शिक्षा: कक्षा 9 से 12 तक हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध है। डिजिटल एवं सुरक्षित कक्षाएं: सभी शिक्षण कक्षों में सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल स्मार्ट बोर्ड और स्पीकर लगाए गए हैं। व्यावसायिक शिक्षा व संकाय: गणित, जीव विज्ञान, वाणिज्य, कृषि, आर्ट्स संकाय के साथ-साथ कक्षा 9 से 12 तक व्यावसायिक शिक्षा (फिजिकल ट्रेड एवं रिटेल) की सुविधा उपलब्ध है। अन्य शिक्षण व खेल सुविधाएँ: प्रशिक्षित कंप्यूटर शिक्षकों द्वारा आईसीटी लैब, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ, संगीत/नृत्य कक्ष, विशाल पुस्तकालय, भव्य भवन, कैंटीन, और इनडोर-आउटडोर खेलों के लिए योग्य खेल प्रशिक्षक तैनात हैं। गतिविधियां: एन.सी.सी., स्काउट, रेडक्रॉस, इको क्लब, एन.एस.एस. और योग की उत्तम व्यवस्था भी स्कूल में हैं।

**शासकीय योजनाएँ एवं छात्र प्रोत्साहन**

नि:शुल्क सामग्री व स्वास्थ्य जाँच: सभी छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें, छात्रवृत्ति और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ दिया जा रहा है। स्कूटी एवं लैपटॉप प्रोत्साहन: कक्षा 12वीं में स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा स्कूटी प्रदान की जाती है। कक्षा 12वीं में 75ज या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि दी जाती है। अन्य सुविधाएँ: शुद्ध पेयजल, वाटर कूलर और मुख्य मार्ग (तानसेन रोड, चौहान क्रेन के पास) पर स्थित होने से सुगम आवागमन।

**इनका कहना है...**



सेवा नगर के निवासी पवन साहू का कहना है कि 'महंगी फीस देने के बावजूद प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को सही शिक्षा और बेहतर माहौल नहीं मिल पा रहा था। यहाँ स्मार्ट स्कूल में प्राइवेट से भी बेहतर सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं, इसलिए मैंने अपने बच्चों का दाखिला यहाँ कक्षा 9वीं और 11वीं में कराया है।'

## भविष्य आज के युवाओं पर निर्भर करता है : पाठक

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 जुलाई.** नेशन्स मंथन-2026' (आईटीएम एमयूएन मंथन-2026) कॉन्फ्रेंस का भव्य शुभारंभ हुआ। संस्थान के तुरारी परिसर स्थित उस्ताद अलाउद्दीन खां ऑडिटेरियम में आयोजित कॉन्फ्रेंस के 8वें संस्करण में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक प्रवीण पाठक और विशिष्ट अतिथि के रूप में जेएनयू दिल्ली से आईं प्रोफेसर डॉ. आकृति भाटिया और आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएम ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल गीता एस., डीन अकडेमिक अनीता मित्तल, सीएओ रेनू अग्रवाल, सहित सभी शिक्षक, स्टूडेंट्स और पैरेंट्स मौजूद रहे।

**आईटीएम ग्लोबल स्कूल में आईटीएम मॉडल यूनाइटेड नेशन्स 'मंथन-2026' का हुआ शुभारंभ**



मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व विधायक प्रवीण पाठक ने कहा कि यह एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म है जो क्रिटिकल थिंकिंग, लीडरशिप, डिप्लोमेसी, कम्युनिकेशन और प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स को विकसित करता है। उन्होंने बच्चों को उदाहरण देते हुए समझाया कि जैसे जंगल में हर जानवर की जरूरतें अलग-अलग होती हैं, वैसे ही हर देश को आबादी, बेरोजगारी, कर्ज, राजनीकि अस्थिरता, आतंकवाद और जलवायु से जुड़ी समस्याओं जैसी अनोखी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि भविष्य आज के युवाओं पर निर्भर करता है,

विशिष्ट अतिथि डॉ. आकृति भाटिया ने यूनाइटेड नेशन्स की अहमियत के बारे में बताते हुए कहा कि एमयूएन सिर्फबहस करने से कहीं ज्यादा है। यह गवर्नेंस को समझने और ग्लोबल मुद्दों को सुलझाने के बारे में है। उन्होंने छह ज़रूरी स्किल्स पर ज़ोर देते हुए कहा कि ध्यान से सुनना, सवाल पूछना, क्रिटिकल सोच रखना, कनेक्शन बनाना, साफ़-साफ़ बोलना और समस्याओं को हल करना।

**अभिव्यक्ति की आज़ादी ज़रूरी है : डॉ. दौलत सिंह चौहान**

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान ने कहा कि इतिहास में हमेशा से इंसानों ने एक-दूसरे का शोषण किया और न्याय व मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष आज भी जारी है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की स्थापना शांति को बढ़ावा देने और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए की गई थी, लेकिन टकराव आज भी मौजूद हैं। उन्होंने 17 सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजीएस) पर ज़ोर देते हुए कहा कि अगर देश ईमानदारी से इन्हें लागू करें, तो दुनिया ज्यादा शांतिपूर्ण, समान और टिकाऊ बन सकती है। उन्होंने कहा कि शांति और टिकाऊ विकास के लिए अभिव्यक्ति की आज़ादी ज़रूरी है। लोगों को बिना किसी डर के अपनी राय रखने, सवाल पूछने और सार्थक बातचीत करने में सक्षम होना चाहिए।

### आईटीएम ग्लोबल स्कूल में छात्राओं ने दी क्लासिकल डांस की प्रस्तुति

आईटीएम ग्लोबल स्कूल ग्वालियर द्वारा तीन दिवसीय आईटीएम एमयूएन मंथन-2026 में देश के विभिन्न हिस्सों से आए 200 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर मां सरस्वति की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवल के साथ किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद आईटीएम ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल गीता एस. ने वैदिक श्लोक गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु, गुरुर देवो महेश्वर, गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरवे नम: के साथ स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का स्वागत किया। वहीं सेक्रेटरी जर्नल वान्या, डायरेक्टर जर्नल पलाक्षा ने स्पीच दी। इसके बाद एमयूएम वीडियो प्रजेंटेशन हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं ने क्लासिकल डांस की प्रस्तुति दी। आईटीएम ग्लोबल स्कूल ग्वालियर द्वारा तीन दिवसीय आईटीएम एमयूएन मंथन-2026 में 200 बच्चों ने विभिन्न प्रतिनिधियों की भूमिका का बखूबी निर्वहन किया।


**मध्यप्रदेश शासन**
**नगर पालिक निगम, ग्वालियर**

क्रमांक 306/ज.प्र./न.पा.नि./2026 दिनांक 23/07/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र./ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_523352-1 date 22.07.2026 | एस.एफ.आर.सी. चेम्बर कवर क्रय करने का कार्य | 22,56,000.00/- | 5000/- 16,920/- | -07.08.2026 |
| 2. | 2026_UAD_523413-1 date 22.07.2026 | एम.एस. केसिंग पाईप 175 मि.मी. व्यास क्रय करने का कार्य | 55,93,865.00/- | 10000 41,954/- | 07.08.2026 |

नोट: -निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन http://mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

R.O. क्र. 522 दि. 24/07/26

कार्यपालन यंत्री
जल प्रदाय विभाग
दक्षिण विधानसभा
नगर निगम, ग्वालियर



**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, पोरसा जिला- मुरैना (म.प्र.)**

क्र./मण्डी/तौ.कां./2026-27-190 पोरसा, दिनांक 23-07-2026

**बी.ओ.टी. तौलकांटा हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति पोरसा द्वारा ई-बिडिंग प्रणाली के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रान्सफर (बी.ओ.टी.) आधार पर तौलकांटा स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर दिनांक 18.08.2026 को समय 17:00 तक ऑनलाइन निविदा पोर्टल https://mptender.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। स्थापित किये जाने वाले तौलकांटा हेतु विवरण अग्रलिखित अनुसार है-

| ई-निविदा क्रमांक | इलेक्ट्रोनिक तौलकांटा स्थापना का स्थान | तौलकांटे की क्षमता | न्यूनतम वार्षिक प्रीमियम / आफसेट (राशि रूपये) | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_MPSAM_523776 | 1 Plate Weigh bridge at Mandi Yard Porsa Dist. Morena | 10 MT | 25000.00 | 54000.00 | 5000.00 |

1. निविदा प्रपत्र एवं निविदा संबंधी अन्य जानकारी ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है। 2. निविदा के सभी संशोधन केवल ऑनलाइन पोर्टल https://mptender.gov.in पर जारी किये जायेगें।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति पोरसा
जिला- मुरैना

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति पोरसा
जिला- मुरैना


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95